INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM- II (2018-19)
SUBJECT : HINDI
Class: V
(SET-B)

Date of Exam: 04-03-2018 **Max.Marks: 40**
Time allotted: 2 hour
(Note: This question paper consists of 3 printed pages. Please check that you have all pages.)

....

खंड-क (साहित्य)

प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:– **1×4 =4**

क) साधना ख) नक्षत्र ग) व्याकुल घ) अनूठा

प्रश्न 2. एक वाक्य में उत्तर दो :– **½×4 = 2**

क) कन्या ने किसे वर के रूप में चुना ?
ख) न्यूटन ने हवाई चक्की कब बनाई ?
ग) विशु नामक त्योहार किस अवसर पर मनाया जाता है ?
घ) राजस्थानी और उसकी पत्नी की कितनी यात्रा शेष थी?

प्रश्न 3. किसने ,किससे कहा ? **1×3 = 3**

क) “ महाराज! महाराज! मेरे अंदर अचानक एक अजीब-सी दिव्यशक्ति प्रवेश कर गई है। ”
ख) “ हलक सूख्यो है, पाणी है ? ”
ग) “ राजाधिराज! मुझे वह तिल स्पष्ट दिखाई दे रहा है। ”

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:– **1× 5 = 5**

क) न्यूटन शहर जाकर क्या करता था ?
ख) ऋषि ने अपने मन में क्या ठाना ?
ग) हमारे कौन - कौन से दैनिक काम पानी की सहायता से होते हैं ?
घ) राजा ने अपने आपको भाग्यशाली क्यों कहा?
ङ) केरल प्रदेश में कौन-कौन से मसालों का उत्पादन होता है ?

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:- **1×4 = 4**

क) प्रदूषित ख) असंभव ग) सिद्ध घ) पौष्टिक

प्रश्न 6. रिक्त स्थान भरो :– ½×4 = 2

क) केरल की _________ प्रसिद्ध है।

ख) चावल और मछली केरलवासियों का प्रिय _________ है।

ग) अधिक वन लगाने से पानी-रूपी संपदा ________ होती है।

घ) मरुभूमि में चारों ओर ________ होती है।

खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न 7. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :– ½×4= 2

क) पीठ थपथपाना ख) हवा से बातें करना ग) आँख उठाकर न देखना घ) हाथ बँटाना

प्रश्न 8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :– 1×3=3

क) गुरु जी कक्षा में पधार गया हैं।

ख) बगीचे में अनेकों फूल खिले हैं।

ग) मुझे एक गरम कप चाय चाहिए।

प्रश्न 9. निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचान कर लिखिए :– 1×4= 4

क) अंशु चित्र बना रही है।

ख मैं कल विद्यालय जाऊँगा।

ग) रमेश सो रहा था।

घ) राम ने पुस्तक पढ़ ली थी।

प्रश्न 10. निम्नलिखित अनेकार्थक शब्दों के भिन्न- भिन्न अर्थ लिखिए :- ½×4 = 2

क) अंबर ख) पात्र

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :- ½×4 = 2

क) झरना ख) बचपन

खंड-ग (लेखन)

प्रश्न 12. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :– 4 ×1 =4

(क) जब पिताजी ने नई कार खरीदी (ख) मेरी प्रथम हवाई यात्रा

प्रश्न **13.**गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

संसार का प्रत्येक प्राणी परिश्रम करता है। मनुष्य और पशु-पक्षी दिन-रात अपने काम में जुटे रहते हैं। परिश्रम से ही मनुष्य ने सभ्य जीवन प्राप्त किया है। परिश्रम द्वारा असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। जीवन की सफलता परिश्रम करने से ही मिलती है। जो लोग परिश्रम छोड़कर भाग्य का सहारा लेते हैं, वे असफल रहते हैं। मनुष्य परिश्रम से ही अपना भाग्य बनाता है। ईश्वर भी परिश्रमी व्यक्ति की ही सहायता करता है। परिश्रम से सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। अत: हमें निरंतर परिश्रम करके जीवन को उन्नत करना चाहिए।

(क) जीवन में परिश्रम करने से क्या प्राप्त होता है ? **½×1 = ½**

(ख) ईश्वर किसकी सहायता करता है ? **½×1 = ½**

(ग) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :– **½×2 = 1**

(क) सफलता (ख) परिश्रमी

(घ) दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए :– **1×1 = 1**